पंजाब केसरी

Date: 03.09.2024

दीपक मलिक ने कम समय में की पीएच.डी.

जींद, 2 सितम्बर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के अर्थशास्त्र विभाग में एक नए अध्याय का सूत्रपात हुआ है।

दीपक मलिक ने अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफैसर सुनील फोगाट के मार्गदर्शन में अपनी पीएच.डी. 2 साल 7 महीने में पूरी की।



वी.सी. के साथ मौजूद दीपक मलिक।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अर्थशास्त्र विभाग ने एक नए मुकाम को हासिल किया है, यह अर्थशास्त्र विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान क्षमता को प्रदर्शित करती है।

दीपक मलिक की शैक्षणिक यात्रा उनके शोध कार्यों से भरी पड़ी है, जिसमें उन्होंने 15 शोध पत्र लिखे, 12 सम्मेलनों में प्रस्तुति दी और 3 पुस्तकें लिखीं। यह उनकी विशेषज्ञता और अर्थशास्त्र में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके साथ प्रोफैसर फोगाट ने बताया कि दीपक मलिक 2021 से विभाग में गैस्ट फैकल्टी के रूप में कार्यरत हैं और उन्होंने 2 राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों में बतौर आयोजन सचिव के रूप में कार्य किया है, साथ में विभाग के सभी कार्यों में अपना योगदान दिया है।

उन्होंने अपने गुरु प्रोफैसर फोगाट का धन्यवाद किया और कहा कि यह सब उन्हीं के मार्गदर्शन से प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शोध माहौल और डॉ. सुनील फोगाट के मार्गदर्शन को प्रदर्शित करती है, जिन्होंने दीपक की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 03.09.2024

अर्थशास्त्र विभाग में दीपक मलिक ने पीएचडी की पूरी, तीन किताबें लिखी

पीएचडी में दीपक मलिक के शोध पत्र दिखाते कुलपति डॉ रणपाल सिंह।

जींद| सीआरएसयू के अर्थशास्त्र विभाग में दीपक मलिक ने अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष के प्रोफेसर सुनील फोगाट मार्गदर्शन में अपनी पीएचडी 2 साल 7 महीने में पूरी की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अर्थशास्त्र विभाग ने एक नए मुकाम को हासिल किया है। यह अर्थशास्त्र विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान क्षमता को प्रदर्शित करती है। दीपक मलिक की शैक्षणिक यात्रा उनके शोध कार्यों से भरी पड़ी है, जिसमें उन्होंने 15 शोध पत्र लिखे, 12 सम्मेलनों में प्रस्तुति दी और 3 पुस्तकें लिखीं। यह उनकी विशेषज्ञता और अर्थशास्त्र में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रोफेसर फोगाट ने बताया कि दीपक मलिक 2021 से विभाग में गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्यरत हैं और उन्होंने 2 राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों में बतौर आयोजन सचिव के रूप में कार्य किया है, साथ में विभाग के सभी कार्यों में अपना योगदान दिया है।